an>

Title: Need to run additional trains and increase the number of coaches in trains running between Delhi and Sonepat.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत की समस्या पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत से प्रतिदिन लाखों की संख्या में रोजगार तथा अन्य कार्यों के लिए लोग सोनीपत से दिल्ली आते जाते हैं। लेकिन यात्री गाड़ियों की संख्या कम होने तथा सवारी गाड़ियों में यात्री डिब्बों की संख्या कम होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे कई बार रेलगाड़ी में न चढ़ पाने या भीड़ में गिर जाने के कारण यात्री मौत का शिकार हो जाते हैं। ठंड और बरसात के मौसम मे दैनिक यात्रियों की स्थिति बहुत ही दयनीय है।

रोहतक-गोहाना-सफीदो-पानीपत और रोहतक-जुलाना-जींद-सफीदो-पानीपत रेलवे लाईन का विद्युतीकरण किया जाए। इसके साथ ही साथ इस ट्रैक पर सवारी गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे अधिक से अधिक यात्री लाभान्वित हो सकें।

अत: मेरा माननीय रेल मंत्री जी से यह भी निवेदन है कि दिल्ली से सोनीपत के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएं तथा यात्री गाड़ियों में सवारी डिब्बों की संख्या बढ़ाने का कष्ट करें जिससे दैनिक रेल यात्रियों को सुविधा प्राप्त हो सकें। धन्यवाद।

HON. SPEAKER: Ahamedji, the matter which you want to raise is completely a State matter. But still I am allowing you. So, please be brief.